09/06/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के तवाङ जिले में संभावित ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF) को लेकर प्रशासन ने तैयारी और सतर्कता बढ़ा दी है। क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन से जुड़े खतरों के संबंध में वैज्ञानिक विशेषज्ञों द्वारा चेतावनी दिए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। तवांग जिला आपदा प्रबंधन विभाग ने सेंटर फॉर अर्थ साइंस एंड हिमालयन स्टडीज से प्राप्त जानकारी के आधार पर अलर्ट जारी किया है। संस्थान ने खांगरी ग्लेशियर के आसपास तेजी से हो रहे हिमनद क्षरण यानी Glacier Retreat तथा अस्थिर भू-भाग के कारण GLOF की संभावना जताई है। प्रशासन ने स्थानीय निवासियों, भारतीय सेना, आईटीबीपी तथा बीआरओ को अलर्ट जारी करते हुए आवश्यक तैयारी रखने और आपातकालीन सामग्री उपलब्ध रखने की सलाह दी है। अधिकारियों ने विशेष रूप से **मागो चू** और **तवाङ चू** नदियों के किनारे स्थित निचले इलाकों के लोगों से सतर्क रहने तथा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। अधिकारियों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र में GLOF जलवायु परिवर्तन से जुड़ा एक गंभीर खतरा है।

0000000000000000000000000

भारत सरकार के विदेश राज्य एवं वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मारगेरिटा ने आज लोअर सुबनसिरी जिले का अपना दौरा सम्पन्न किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य स्थानीय आजीविका को समर्थन और सशक्त बनाना था। दौरे के तहत मंत्री ने बहुप्रतीक्षित ज़ीरो हैंडलूम मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। इसके पूर्ण होने पर यह केंद्र स्थानीय बुनकरों को अपने विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित और विपणन करने के लिए प्रत्यक्ष मंच प्रदान करेगा। इसके अलावा, मंत्री ने समग्र हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना के अंतर्गत स्थानीय कारीगरों को विशेष टूलकिट भी वितरित किए। मंत्री का अगला दौरा क्रा दादी जिले के पालिन में निर्धारित है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच आज ईटानगर स्थित विधानसभा सचिवालय में की गई। भाजपा उम्मीदवार ताई तागाक द्‌वारा दाखिल दो नामांकन पत्रों की जांच की गई और दोनों को वैध पाया गया। इसके बाद उन्हें राज्यसभा निर्वाचन के लिए विधिवत नामांकित उम्मीदवार घोषित कर दिया गया। जांच प्रक्रिया अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की सचिव एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती तादार मीना तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर लोंगमान रोनरांग द्‌वारा सम्पन्न की गई।

यह प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं प्रेक्षक पवन कुमार सैन तथा संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी लिकेन कोयू की निगरानी में उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

0000000000000000000000000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने ईटानगर स्थित निर्वाचन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी Special Intensive Revision - SIR के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि SIR की निर्धारित समय-सीमा के अनुसार तैयारी, प्रशिक्षण, मुद्रण कार्य तथा बूथ स्तरीय अधिकारियों (BLOs) द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य एक जुलाई से शुरू होगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन बाइस सितंबर 2026 को किया जाएगा। श्री सैन ने बताया कि वर्तमान में राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या आठ लाख सत्तासी हजार से अधिक है। रविवार तक इलेक्टोरल फॉर्म्स - EFs की कुल पचास दशमलव दो तीस प्रतिशत छपाई पूरी हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि वेस्ट कामेंग, वेस्ट सियाङ, अपर सियाङ, लेपराडा और शी-योमी जिलों में EFs की सौ प्रतिशत छपाई पूरी हो चुकी है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (ASRLM) तवांग के अंतर्गत BMMU की पहल पर आज तवांग के वॉक थ्रू मार्केट स्थित BMMU प्रशिक्षण हॉल में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) तथा उद्यमी इंडिया पंजीकरण पर एक दिवसीय पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महिला स्वयं सहायता समूहों, मदर्स किचन तथा स्थानीय महिला उद्यमियों सहित कुल चालीस प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान कई उद्यमों का मौके पर ही सफलतापूर्वक पंजीकरण भी किया गया।

0000000000000000000000000

निरजुली स्थित NERIST में वन अरुणाचल प्रदेश बटालियन NCC के दस दिवसीय कम्बाइन्ड एनुएल ट्रैनिंग प्रोग्राम - CATC-37 का कल समापन होगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारतीय सेना के गजराज कौर द्वारा प्रेरणात्मक व्याख्यान तथा हथियार प्रदर्शनी रहा। उपकरण प्रदर्शनी में SIG सौर 716 राइफ़ल, SAKO TRG-42 स्नाइपर, नेगेव LMG एवं Advanced thermal surveillance systems शामिल थे।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवाङ और कुरुङ कुमे ज़िले को छोड़ सभी ज़िलों के लिए येलो साथ ही अन्य चार ज़िलों पापुम पारे, सियाङ, वेस्ट सियाङ और लोअर दिबाङ वैली के लिए अगले 24

घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000000

अपर सुबनसिरी जिले के दापोरिजो स्थित ZPC कॉनफ्रेंस हॉल में जिला परिषद अध्यक्ष (ZPC) श्रीमती ज्योति सिकॉम की अध्यक्षता में समन्वय एवं संवाद बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पंचायत राज संस्थाओं के सभी स्तरों पर प्रभावी संचालन, विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय को मजबूत बनाने, विकास योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन एवं निगरानी, तथा सरकारी निधियों के पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

0000000000000000000000000